दिनांक 09.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 570/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद अमरोहा/थाना अमरोहा नगर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 09.11.2026 को थाना अमरोहा नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मौहसिन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना अमरोहा नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना अमरोहा नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–मौहसिन निवासी मोहल्ला लकड़ा थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।

बरामदगी

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद सीतापुर/थाना रामपुर कलां

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 09.11.2026 को थाना रामपुर कलां पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जामनगर बेधौरा रेलवे पुलिया के पास पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त रंगीलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जो थाना रामपुर कलां पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 15 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रामपुर कलां पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–रंगीलाल निवासी बगराभारी थाना रामपुर कलां जनपद सीतापुर।

बरामदगी

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना बिसरख

- **अवैध मादक पादर्थ की तस्करी कर रहे 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 55 लाख रूपये कीमत के 55 किलो 124 ग्राम अवैध गांजा**
- **03 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 कार बरामद**

दिनांक 09.11.2026 को थाना बिसरख व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोल्डन ग्राण्ड रोड़ से अवैध मादक पादर्थ की तस्करी कर

रहे 03 अभियुक्तों 1–आलम 2–वसीम 3–लक्ष्य को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 55 लाख रूपये कीमत के 55 किलो 124 ग्राम अवैध गांजा, 03 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बिसरख पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–आलम निवासी लोनी मुस्तफाबाद, थाना लोनी, कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2–वसीम निवासी ग्राम रटोल, थाना खेकडा, जनपद बागपत।

3–लक्ष्य निवासी चोटपुर कॉलोनी, थाना सेक्टर–63 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी

1–लगभग 55 लाख रूपये कीमत के 55 किलो 124 ग्राम अवैध गांजा।

2–03 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 01 कार।

————————